पत्रांक–भवन / मु0अभि0(प0)यो0प्राक्0 1–104 / 2021 325 (भ) / पटना, दिनांक– 13/1/26

बिहार सरकार
भवन निर्माण विभाग

प्रेषक,

राजेश कुमार सिंह,
सरकार के अपर सचिव।

सेवा में,

महालेखाकार (ले0 एवं हक0)
वीरचंद्र पटेल पथ, पटना।

विषयः– Renovation of 96 officer's flat No.-B3/23 at Nehru Path, Patna हेतु कुल **₹8,47,023/– (आठ लाख सैतालीस हजार तेईस रूपये)**मात्र का वित्तीय वर्ष **2025–26** में व्यय की स्वीकृति के संबंध में।

महाशय,

निदेशानुसार, विषयांकित कार्य हेतु विभागीय प्रशासनिक स्वीकृत्यादेश संख्या–374(भ), दिनांक–27.03.2025 द्वारा वित्तीय वर्ष **2024–25** में कुल **₹8,47,400/–(आठ लाख सैतालीस हजार चार सौ रूपये)**मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान किया गया था।

2. उक्त कार्य हेतु राशि का उपबंध "मांग संख्या–03 के मुख्य शीर्ष–2059–लोक निर्माण कार्य–उपमुख्यशीर्ष–80–सामान्य–लघु शीर्ष–053–रख रखाव तथा मरम्मत–उपशीर्ष–0001–अनुरक्षण और मरम्मत–मतदेय विपत्र कोड–**03–2059800530001** के विषय शीर्ष–27–लघु कार्य–0001.27.02–अनुरक्षण एवं मरम्मत" के अन्तर्गत विभाग के लिए संसूचित योजना उद्व्यय एवं बजट उपबंध के तहत वित्तीय वर्ष **2024–25** के लिए किया गया था।

3. उक्त कार्य हेतु अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, पटना के पत्रांक–5126, दिनांक–22.09.2025 से प्राप्त अधियाचना के आलोक में कुल **₹8,47,023/–(आठ लाख सैतालीस हजार तेईस रूपये)**मात्र का व्यय उसी बजट शीर्ष के तहत वर्त्तमान वित्तीय वर्ष **2025–26** में उपबंधित राशि से किये जाने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

4. इस राशि के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, **कार्यपालक अभियंता, पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना** होंगे।

5. इस राशि की निकासी सचिवालय कोषागार, विश्वेश्वरैया भवन, बेली रोड, पटना से की जायेगी। निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी का यह दायित्व होगा कि वे राशि के व्यय के पूर्व एजेन्सी द्वारा इस कार्य के संबंध में संतुष्ट होकर नियमानुसार भुगतान करेंगे।

6. प्रस्ताव में विभागीय सचिव का अनुमोदन प्राप्त है।

7. प्रारुप पर आन्तरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति प्राप्त है।

विश्वासभाजन

13/1/26

(राजेश कुमार सिंह)
सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांक– 325 (भ) पटना, दिनांक– 13/1/26

प्रतिलिपि–कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, विश्वेश्वरैया भवन, बेली रोड, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

13/1/26

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांक– 325 (भ) पटना, दिनांक– 13/1/26

प्रतिलिपि–माननीय मंत्री के आप्त सचिव/सचिव के आप्त सचिव/मुख्य अभियता (पटना)/निदेशक अनुश्रवण/अभियंता प्रमुख के सचिव प्रावैधिक/अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, पटना/आन्तरिक वित्तीय सलाहकार/उप निदेशक–1 एवं 2 अनुश्रवण/कार्यपालक अभियंता, पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना/बजट पदाधिकारी/प्रशाखा पदाधिकारी (बजट)/आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

13/1/26

सरकार के अपर सचिव